**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 13.11.2025 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **घाटशिला विधानसभा उपचुनाव का परिणाम कल होगा तय, निष्पक्ष और पारदर्शी मतगणना के लिए जिला प्रशासन ने की व्यापक तैयारियां।**

2. **भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती और जनजातीय गौरव दिवस को लेकर भाजपा ने विभिन्न जिलों में की बैठक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार आयोजनों को सफल बनाने पर हुई चर्चा।**

3. **राज्य स्थापना दिवस के समारोहों को लेकर राज्य सरकार की तैयारियां अंतिम चरण में, जिलास्तरीय कार्यक्रमों के लिए प्रभारी मंत्रियों की हुई नियुक्ति, सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम।**

4. **राजधानी रांची समेत कई जिलों में न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट की गई दर्ज, मौसम विभाग ने आठ जिलों में 15 नवंबर तक शीतलहर की जारी की चेतावनी।**

5. **दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया ने रांची को भारत–नेपाल दिव्यांग टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित करने का दिया अवसर।**

**और अब समाचार विस्तार से**

****************

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव का परिणाम कल तय होगा। इसके लिए जमशेदपुर के को ऑपरेटिव कॉलेज में सुबह आठ बजे से मतगणना की प्रक्रिया शुरु होगी। इसके तहत जिला प्रशासन ने सुरक्षा की व्यापक तैयारियां की हैं। विस्तृत ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

****************

रांची सांसद और केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने बिहार विधानसभा चुनाव के परिणामों पर एनडीए की मजबूत दावेदारी जताई। श्री सेठ ने दिल्ली धमाके पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आतंकवाद के खिलाफ सख्त संदेश है। उन्होंने कहा कि आतंकी और उनके साजिशकर्ताओं को देश कभी माफ नहीं करेगा।

****************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पूर्व पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता पर आरोप लगाते हुए एनआईए को पांच मामलों की जांच के लिए पत्र लिखने की घोषणा की। आज रांची में आयोजित एक प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि गुप्ता और गैंगस्टर सुजीत सिन्हा के बीच सांठ–गांठ थी और अमन साहू एनकाउंटर मामले में भी उनकी भूमिका संदिग्ध रही। श्री मरांडी ने कहा कि इस पूरे प्रकरण की जानकारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को थी या नहीं, इसकी भी जांच कराई जाएगी।

****************

भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती और जनजातीय गौरव दिवस को लेकर भाजपा ने कई जिले कार्यालयों में प्रेस वार्ता आयोजित की। खूंटी में हटिया विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार उलिहातू पहुंचकर जनजातियों का सम्मान बढ़ाया और विकास योजनाओं की शुरुआत की।

****************

गुमला में भी जनजातीय गौरव दिवस और धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती को लेकर भाजपा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस अवसर पर पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि पूरे देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देशानुसार जनजातीय गौरव दिवस मनाया जा रहा है और भाजपा के पांच दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिमाओं की साफ–सफाई समेत कई आयोजन हो रहे हैं।

****************

झारखंड सरकार ने राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिलास्तरीय कार्यक्रमों के लिए प्रभारी मंत्रियों की नियुक्ति की है। आज जारी अधिसूचना के अनुसार दीपक बिरुआ को पश्चिमी सिंहभूम, चमरा लिंडा को गुमला, इरफान अंसारी को जामताड़ा, हफ़ीज़ुल हसन को देवघर, दीपिका पाण्डेय सिंह को गोड्डा, योगेंद्र प्रसाद को बोकारो, सुदिव्य कुमार को गिरिडीह और शिल्पी नेहा तिर्की को लोहरदगा जिले का प्रभारी मंत्री घोषित किया गया है।

****************

15 नवंबर को झारखंड राज्य 25वां स्थापना दिवस मना रहा है, जिसे लेकर रांची में 11 नवंबर से राज्यव्यापी कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। आज रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री और एसएसपी राकेश रंजन ने बताया कि 15 नवंबर को मोरहाबादी मैदान में राज्यस्तरीय मुख्य समारोह आयोजित होगा, जिसमें राज्यपाल संतोष गंगवार मुख्य अतिथि होंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कैबिनेट मंत्री, विधायक और हजारों नागरिक इस समारोह में शामिल होंगे। 16 नवंबर को जतरा

और सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन होगा, जिसमें ड्रोन शो और भगवान बिरसा मुंडा और दिशोम गुरु शिबु सोरेन की जीवन पर विशेष प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी।

****************

रांची के मोरहाबादी मैदान में 15 नवंबर को होने वाले झारखंड स्थापना दिवस मुख्य समारोह की सुरक्षा के लिए एक हजार अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात होंगे। झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आईजी अभियान डॉक्टर माइकल राज ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए तीन आईपीएस, छह डीएसपी, 40 इंस्पेक्टर और 80 दरोगाओं सहित कई अधिकारी मुस्तैद रहेंगे।

****************

झारखंड राज्य स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 11 नवंबर से हो रहे राज्यव्यापी समारोहों में आज तीसरे दिन भी विभिन्न जिलों में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके तहत चतरा ज़िले में साइकिल रेस और पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उधर उपराजधानी दुमका में भी साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया।

****************

खूंटी जिले के सुदूरवर्ती ग्रामीण इलाकों के ग्रामीण अब अफीम की खेती छोड़कर रबी फसल की ओर लौटने लगे हैं। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

****************

मौसम विभाग ने राज्य के आठ जिलों में 15 नवंबर तक शीतलहर की संभावना को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने रांची, गुमला, लातेहार, सिमडेगा के साथ पश्चिमी जिले पलामू, गढ़वा, लातेहार और चतरा में ठंड बढ़ने की आशंका जताई गई है। राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। पिछले 24 घंटों में राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 30.4 और सबसे कम खूंटी में 8.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

****************

दिव्यांग क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ऑफ इंडिया ने रांची को भारत–नेपाल दिव्यांगजन टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित करने का अवसर दिया है। यह तीन टी20 सीरीज दिसंबर में खेली जाएगी, जिससे झारखंड डिसएबल क्रिकेट संगठन में खुशी का माहौल है। संगठन के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों ने कहा कि यह बड़ा सौभाग्य है और आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी मेहनत की जाएगी।

*****************